मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-589
15/11/2023

# भगवान बिरसा मुण्डा जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

पटना, 15 नवम्बर 2023 :– भगवान बिरसा मुण्डा जी की जयंती आज राज्य में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पटना में भगवान बिरसा मुण्डा जी की जयंती के अवसर पर राजकीय जयंती समारोह का आयोजन सिंचाई भवन के निकट 42, क्रांति मार्ग के तिकोन में स्थापित भगवान बिरसा मुण्डा के प्रतिमा स्थल पर की गई। इस असवर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भगवान बिरसा मुण्डा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री देवेश चन्द्र ठाकुर, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, विधि मंत्री श्री शमीम अहमद, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधीजी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री शिवशंकर निषाद सहित अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य व्यक्तियों ने भी भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत्–शत् नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

******